# कृविको समाचार पत्र

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

वर्ष : 2026 अंक : 2 अप्रैल–जून


इस अंक में.........


- प्रमुख उपलब्धियां
  - -प्रशासनिक
  - -शिक्षा
  - -अनुसंधान
  - -प्रसार
  - -मानव संसाधन विकास
- महत्वपूर्ण बैठकें
- प्रमुख आयोजन
- आधारभूत संरचना विकास
- सेमीनार / सम्मेलन / कार्यशाला / शीतकालीन / ग्रीष्मकालीन स्कूल और प्रशिक्षण आदि में कार्मिकों की भागीदारी।
- गणमान्य व्यक्तियों का भ्रमण
- पेटेन्ट
- पुरस्कार और सम्मान
- प्रकाशन
- आगामी कार्यक्रम



संरक्षक
**डॉ. विमला डूंकवाल**
कुलगुरू

मुख्य संपादक
**डॉ. मुकेश चन्द गोयल**
निदेशक (पी.एम.एण्ड ई.)

संपादक
**डॉ. कमल चन्द मीना**
सह-निदेशक (पी.एम.एण्ड ई.)

**डॉ. लोकेश कुमार मीणा**
सहायक आचार्य (कृषि अर्थशास्त्र)

**डॉ. चमन कुमारी जादौन**
सहायक आचार्य (शस्य विज्ञान)

**डॉ. आँचल शर्मा**
सहायक आचार्य (वन्य जीव प्रबंधन)


## कुलगुरू की कलम से......



मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की वर्ष 2026 की द्वितीय तिमाही (अप्रैल–जून 2026) का समाचार पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। यह अवधि विश्वविद्यालय के लिए अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं पहलों से परिपूर्ण रही। विश्वविद्यालय द्वारा नवम् दीक्षांत समारोह का सफल आयोजन 13 मई, 2026 को राजस्थान के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े जी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर 318 स्नातक, 34 स्नातकोत्तर एवं 06 विद्यावाचस्पति विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं तथा 11 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। यह उपलब्धि संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। विश्वविद्यालय ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (AIU), नई दिल्ली से संबद्धता प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल की है, जो 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो गई है।

अनुसंधान एवं नवाचार को सुदृढ़ करने की दिशा में विश्वविद्यालय के प्रयास निरंतर जारी हैं। इस तिमाही के दौरान विश्वविद्यालय में संचालित PM-RKVY परियोजनाओं के अंतर्गत 390.27 लाख की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। साथ ही, खरीफ मौसम के लिए नई फसल किस्मों एवं उत्पादन तकनीकों से संबंधित अनुसंधान–आधारित सिफारिशों को स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों द्वारा रबी 2025–26 के दौरान विभिन्न रबी फसलों के 10,050 क्विंटल गुणवत्तापूर्ण बीजों का उत्पादन किया गया, जिसमें 771 क्विंटल प्रजनक बीज तथा 9,279 क्विंटल (FS/CS/TL) बीज शामिल हैं। ये प्रयास जलवायु–सहिष्णु, टिकाऊ एवं कृषक–केन्द्रित कृषि को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

प्रसार शिक्षा विश्वविद्यालय की प्रमुख जिम्मेदारियों में से एक है। कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से आयोजित विभिन्न जागरूकता अभियानों, कृषि महोत्सव, खेत बचाओ अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, क्षेत्रीय प्रदर्शनों एवं कृषक संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिक ज्ञान एवं उपयुक्त तकनीकों को कृषक समुदाय तक पहुँचाने के हमारे निरंतर प्रयास सराहनीय रहे हैं। कृषि महोत्सव कार्यक्रमों में 4,500 से अधिक किसानों की सहभागिता उत्साहवर्धक है तथा यह विश्वविद्यालय एवं हितधारकों के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

मुझे यह भी प्रसन्नता है कि विश्वविद्यालय द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों एवं क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के 90 शिक्षकों एवं तकनीकी कर्मचारियों के लिए 15 से 19 जून, 2026 तक कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के अनुप्रयोगों पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसके साथ ही 01 से 07 जून, 2026 तक विद्यार्थियों एवं विभिन्न हितधारकों के लिए उन्नत अनुसंधान पद्धति एवं कृषि विज्ञान में डेटा विश्लेषण विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ये पहल हमारे शैक्षणिक एवं अनुसंधान समुदाय को बदलते तकनीकी परिदृश्य के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

विश्वविद्यालय ने आधारभूत संरचना एवं अनुसंधान सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में भी निरंतर कार्य किया है। 60 लाख रूपये की लागत से प्रयोगशाला एवं फार्म उपकरणों की खरीद, महाविद्यालय स्तर पर सुविधाओं का विकास तथा विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

मुझे विशेष रूप से इस बात की प्रसन्नता है कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक डिजाइन "Rainfall-Responsive-Soil Erosion Detection Device" पेटेंट के रूप में पंजीकृत कि गई है। इसी प्रकार, 'Udaan–2026' में 111 विद्यार्थियों का सम्मान, अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय Thang-Ta प्रतियोगिता (2025–26) में कांस्य पदक प्राप्त करना तथा उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ के 09 विद्यार्थियों का विभिन्न संस्थानों में चयन यह दर्शाता है कि हमारे शैक्षणिक प्रयास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, दक्षता एवं उत्कृष्टता की भावना विकसित करने में सफल हो रहे हैं।

मैं इन उपलब्धियों के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, तकनीकी एवं सहायक कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा सभी हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार एवं प्रशंसा व्यक्त करती हूँ, जिनके सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। मैं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से अपेक्षा करती हूँ कि वे समर्पण, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ निरंतर कार्य करते रहें।

मैं इस इस समाचार पत्र के संकलन एवं प्रकाशन के लिए संपादकीय टीम को हार्दिक बधाई देती हूँ तथा कृषि विश्वविद्यालय, कोटा परिवार के सभी सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना करती हूँ।

शुभकामनाओं सहित।

(विमला डूंकवाल)

# AUK Newsletter

Agriculture University, Kota

Year : 2026 Number : 2 April-June

## In this issue.......


- Salient Accomplishments
  - -Administration
  - -Education
  - -Research
  - -Extension
  - -HRD
- Important Meetings
- Major Events
- Infrastructure Development
- Participation of Staff in Seminar/ Conferences/ Workshops / Winter/ Summer School and Trainings, etc.
- Visit of Dignitaries
- Patent
- Awards and Recognitions
- Publications
- Upcoming Events


Patron

**Dr. Vimla Dunkwal**
Vice Chancellor

Chief Editor

**Dr. Mukesh Chand Goyal**
Director (PM&E)

Editors

**Dr. Kamal Chand Meena**
Associate Director (PM&E)

**Dr. Lokesh Kumar Meena**
Asstt. Prof. (Agri. Economics)

**Dr. Chaman Kumari Jadon**
Asstt. Prof. (Agronomy)

**Dr. Anchal Sharma**
Asstt. Prof. (Wildlife Management)

## *From the Desk of Vice Chancellor....*



It gives me immense pleasure to present the Agriculture University, Kota Newsletter for the second quarter of the year 2026, which provides a glimpse of the University's academic, research, extension, infrastructure development and student-oriented activities during April–June 2026.

The period has been marked by several significant achievements and initiatives. The university has successfully organised its 9th Convocation on 13th May, 2026 under the chairmanship of Hon'ble Governor of Rajasthan and Chancellor Shri Haribhau Bagde Ji and awarded degree to 318 Bachelors, 34 Masters and 06 Ph.D. students including 11 gold medals, to meritorious students, is a matter of great pride for the entire University community. The University also achieved an important milestone with its affiliation with the Association of Indian Universities (AIU), New Delhi, effective from April 2026.

Our commitment to strengthening research and innovation has continued with renewed vigour. During the quarter, the University received financial support of Rs. 390.27 lakh under ongoing PM-RKVY projects, while research-based recommendations on new crop varieties and production technologies were approved for the *Kharif* season. Total of 10050 quintals of quality seeds of various Rabi crops including 771 qt. breeder seed and 9279 qt. other (FS/CS/TL) seeds were produced. These efforts reflect our commitment towards climate-resilient, sustainable and farmer-oriented agriculture.

Extension Education remains one of the University's core responsibilities. The various awareness campaigns, *Krishi Mahotsav, Khet Bachao Abhiyan,* training programmes, field demonstrations and farmer interactions conducted through the Krishi Vigyan Kendras demonstrate our continued efforts to take scientific knowledge and appropriate technologies to the farming community. The participation of more than 4,500 farmers in Krishi Mahotsav programmes is encouraging and reflects the strong linkage between the University and its stakeholders.

I am also pleased to share the University's growing emphasis on emerging technologies and capacity building. The training programme on Artificial Intelligence applications in agricultural education, research and extension for 90 faculty and technical staff of University during 15-19th June, 2026 was successfully organized., along with the National training programme on Advanced Research Methodology and Data Analysis 01st to 07th, June, 2026 for students and various stake holders represents an important step towards preparing our academic and research community for the changing technological landscape.

The University has simultaneously continued to strengthen its infrastructure and research facilities. Significant investment of Rs. 60 lakhs in laboratory and farm equipment, development of facilities at the College of Horticulture & Forestry, Jhalawar, and quality seed production across university units are important contributions towards creating a stronger foundation for education, research and innovation.

I am happy to see the achievements, where scientists of the University Involved in one design 'Rainfall-Responsive Soil Erosion Detection Device' has been registered for patent. The recognition of 111 students under Udaan-2026, wining the Bronze Medal in All-India Inter-University Thang-Ta Competition (2025-26) and placements of 09 students of the College of Horticulture & Forestry, Jhalawar demonstrate that our educational efforts are helping students develop confidence, competence and a spirit of excellence. I extend my sincere appreciation to all faculty members, scientists, officers, technical and supporting staff, students and stakeholders whose collective efforts have contributed to these accomplishments. I encourage the University community to continue working with dedication, innovation and a strong sense of social responsibility.

I congratulate the editorial team for compiling this newsletter and wish all members of the Agriculture University, Kota family continued success in the coming months.

With best wishes.

**(Vimla Dunkwal)**

## प्रमुख उपलब्धियां

### प्रशासनिक

#### विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने 13 मई, 2026 को नवम् दीक्षांत समारोह आयोजित किया। राजस्थान के माननीय राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, श्री हरिभाऊ बागड़े जी ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की और कृषि, उद्यानिकी और वानिकी संकायों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए 11 स्वर्ण पदक सहित 318 स्नातक, 34 स्नातकोत्तर तथा 06 विद्यावाचस्पति छात्रों को उपाधि प्रदान की। माननीय राज्यपाल ने छात्रों को सलाह दी कि वे अर्जित ज्ञान को अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाऐं। डॉ. किरोडी लाल मीणा, माननीय मंत्री, कृषि व उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास, राजस्थान सरकार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया तथा श्री कन्हैया लाल बेरवाल, सेवानिवृत आई.पी.एस. एवं कुलाधिपति डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश दीक्षांत अतिथि रहे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय, उम्मेदगंज कोटा के अकादमिक भवन एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र, कोटा के बीज विधायन संयंत्र का लोकार्पण तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र, कोटा पर खरपतवार नियंत्रण प्रयोगशाला एवं यांत्रिक कृषि फॉर्म, कोटा के बीज प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का शिलान्यास किया गया तथा दो प्रकाशन "सोयाबीन के जादुई फायदेः एक बीज–एक व्यंजन" एवं "केनोपी मैनेजमेंट ऑफ फ्रूट क्रॉप्स" पुस्तकों का विमोचन किया गया। कुलगुरू डॉ. विमला डूंकवाल द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।






#### कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की भारतीय विश्वविद्यालय संघ से संबद्धता

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा को भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा 01 अप्रैल, 2026 से संबद्धता प्राप्त हुई।

### शिक्षा

- अकादमिक सत्र 2025–26 के कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी–स्नातक (ऑनर्स), स्नातकोत्तर तथा विद्यावाचस्पति के प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाऐं सफलतापूर्वक संपादित करवाई गई।

## SALIENT ACCOMPLISHMENTS

### ADMINISTRATION

#### 9th Convocation of the University

Agriculture University, Kota organised 9th Convocation on 13th May, 2026. The Hon'ble Governor of Rajasthan and Chancellor of the University, Shri Haribhau Bagde Ji chaired the convocation and awarded degree to 318 Bachelors, 34 Masters and 06 Ph.D. students including 11 gold medals for the academic session 2024-25 in the faculty of Agriculture, Horticulture and Forestry. The Hon'ble Governor advised the students to apply the acquired knowledge in their practical lives. Dr. Kirodi Lal Meena, Hon'ble Minister of Agriculture, Horticulture and Rural Development, Government of Rajasthan, participated as the Guest of Honour and Shri Kanhaiya Lal Berwal, retired IPS and Chancellor of Dr. Hari Singh Gour Central University, Sagar Madhya Pradesh participated as the Convocation Guest. On this occasion, the academic building of the College of Agriculture, Ummedganj, Kota & seed processing plant at Agricultural Research Station, Kota were inaugurated and the foundation stones were laid for a weed control laboratory at Agricultural Research Station, Kota and seed technology laboratory at Mechanized Agriculture Farm, Kota and two publications "Magical Benefits of Soybean: One Seed, One Dish" and "Canopy Management of Fruit Crops" were released. Dr. Vimla Dunkwal, Vice Chancellor presented the progress report of the university.






#### AUK Affiliation with Association of Indian Universities

Agriculture University, Kota (AUK) was granted affiliation by the Association of Indian Universities (AIU), New Delhi, with effective from 1st April, 2026.

### EDUCATION

- The First Semester examinations of B.Sc. (Hons.), M.Sc. and Ph.D. in Agriculture, Horticulture, and Forestry of the academic session 2025–26 were conducted successfully.

## अनुसंधान

### अनुसंधान सिफारिशें

### सोयाबीन

- **जे.एस. 22–12 :** सोयाबीन की जल्दी पकने वाली किस्म है जो 90–92 दिनों में पक कर सामान्य परिस्थितियों में 20–22 क्विंटल प्रति हेक्टर की उपज देती है। बैंगनी फूल वाली इस किस्म के तने व फलियाँ चिकनी होती हैं। यह मध्यम ऊँचाई, पीले रंग के दाने एवं उच्च अंकुरण क्षमता वाली किस्म है, जिसके बीज मध्यम आकार एवं काले रंग की नाभिका वाले होते हैं। इसमें तेल की मात्रा लगभग 22 प्रतिशत होती है। यह किस्म पीला मोजेक, चारकोल रोट, पर्णीय झुलसा, एन्थ्रेक्नोज, फली झुलसा, तना मक्खी, गर्डल बीटल एवं पत्ती भक्षक कीटों के प्रति मध्यम से उच्च प्रतिरोधी है।




- **जे.एस. 22–16 :** सोयाबीन की जल्दी पकने वाली किस्म है जो 90–91 दिनों पककर सामान्य परिस्थितियों में 18–20 क्विंटल प्रति हेक्टर की उपज देती है। सफेद फूल वाली इस किस्म के तने व फलियों पर भूरे रंग के रोंये होते हैं। यह किस्म मध्यम ऊँचाई, दाने पीले रंग, मध्यम आकार, काले रंग की नाभिका एवं अच्छे अंकुरण क्षमता वाली है। इसमें तेल की मात्रा लगभग 21.69 प्रतिशत होती है। यह किस्म पीला मोजेक, चारकोल रोट, पर्णीय झुलसा, एन्थ्रेक्नोज, फली झुलसन आदि बीमारियों के लिए मध्यम प्रतिरोधी से उच्च प्रतिरोधी है एवं तना मक्खी, गर्डल बीटल एवं पत्ती भक्षक कीटो के लिए मध्यम प्रतिरोधी पाई गयी है।

### मूँग

- **एम एच–1142 :** मूँग की यह किस्म मध्यम ऊंचाई, अर्ध–सीधी, सीमित वृद्धि वाली है, जो 65–68 दिन में पककर 10–13 क्विंटल प्रति हेक्टर उपज देती है। इस किस्म के दाने मध्यम आकार चमकीले हरे रंग के होते हैं। पत्तियां मध्यम आकार की व पर्ण शिरायें हरे रंग की होती हैं। यह किस्म पीत चितकबरा, पर्ण कुंचन, पर्ण क्रिंकल के लिए मध्यम प्रतिरोधी है।

### सीधी बुवाई धान (सिंचाई जल प्रबंधन)

- धान की सीधी बुवाई वाली फसल में अधिक उपज एवं जल उपयोग दक्षता के लिए मिनी–फव्वारा पद्धति से 12–13 दिन के अंतराल पर 7–8 घंटा प्रति सिंचाई (वाष्पीकृत पानी का 120 प्रतिशत पर) करें।

### अमरूद के बगीचे में सोयाबीन–चना की अंतर फसल

- वर्षा आधारित परिस्थितियों में, अमरूद के बगीचे में (5 वर्ष तक) सोयाबीन–चना की अंतरफसल बुवाई करने से उच्च प्रणाली उत्पादकता और शुद्ध लाभ प्राप्त होता है।

### चिकनी तुरई

- चिकनी तुरई में छाछ्या रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु हेक्जाकुनाजुल 5 प्रतिशत एस.सी. 2 मिलीलीटर प्रति लीटर की दर से रोग दिखाई देने पर छिड़काव करें। उसके बाद 10–15 दिन के अन्तराल पर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें।

## RESEARCH

### Research Recommendations

### Soybean

- **JS 22-12:** It is a short duration (90-92 days) soybean variety yields 20-22 q/ha in normal conditions. It has purple flower, stem and pods are glabrous. It has medium plant height, yellow seed and good germination. It has medium seed size with black hilum, and oil content is about 22 %. It is categorized as moderate to highly resistance against yellow mosaic virus, charcoal rot, rhizoctonia aerial blight, anthracnose, bacterial pustules, leaf spots, stem fly, girdle beetle and defoliators.
- **JS 22-16:** It is short duration (90-91 days) soybean variety yields 18-20 q/ha under normal situations. It has white flower and brown colour pubescence present on stem and pods. It has medium plant height, yellow seeds and goof germination. It has medium seed size with black hilum and oil content is 21.69%. It is categorized as moderate to high resistance against yellow mosaic virus, charcoal rot, rhizoctonia aerial blight, anthracnose, bacterial pustules, leaf spots and moderately resistant against stem fly, girdle beetle and defoliators.




### Moong

- **MH-1142:** This variety of moong bean has medium height, determinate, semi-erect plant type. It yields 10-13 q/ha and mature in 65-68 days. It has medium sized shiny green seeds, medium sized leaves and green leaf veins. It is moderately resistant to MYMV, leaf curl, leaf crinkle diseases.

### Direct-Seeded Rice (Irrigation Water Management)

- In direct seeded rice, apply irrigation at 12-13 days interval for a period of 7-8 hours per irrigation (@120% Pan evaporation) by mini-sprinkler method for higher yield and water use efficiency.

### Soybean–chickpea Intercropping in Guava Orchard

- Sequential intercropping of soybean–chickpea in guava orchard (up to 5 year) gave higher system productivity and net profit under rainfed condition.

### Sponge gourd

- For management of powdery mildew disease in sponge gourd, spray Hexaconazole 5% SC @ 2 ml/liter at 10-15 days interval after disease initiation.

## प्रसार

### चौपाल चर्चा

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा 7 अप्रैल, 2026 को दूरदर्शन के डीडी किसान पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम "चौपाल चर्चा– बदलते जलवायु परिदृश्य में कृषि तकनीकियाँ" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरू प्रो. विमला डूंकवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा के 15 वैज्ञानिकों एवं कोटा जिले के लगभग 30 प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




### भूमि सुपोषण अभियान

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा 20 मार्च से 17 अप्रैल, 2026 तक भूमि सुपोषण अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा पोषक तत्वों के सतत् एवं वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करना था, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ–साथ मृदा की दीर्घकालीन उर्वरता को बनाए रखा जा सके।

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा ने 24 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और किसानों पर केन्द्रित सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन तथा टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किए गए।

### कृषि महोत्सव

विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों ने मई, 2026 के दौरान "कृषि महोत्सव" कार्यक्रम आयोजित किये। इन कार्यक्रमों में बेहतर कृषि तकनीकों, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, एकीकृत कीट और पोषक तत्व प्रबंधन तथा आय बढ़ाने वाली गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दिया गया। कार्यक्रमों में 4500 से अधिक किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और तकनीकी मार्गदर्शन तथा खेतों से जुड़ी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कृषि विशेषज्ञों से बातचीत की।




### खेत बचाओ अभियान

विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा 1 से 30 जून, 2026 के दौरान "खेत बचाओ अभियान" के तहत किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अभियान का मकसद किसानों को संतुलित खाद के इस्तेमाल, मिट्टी की सेहत के प्रबंधन और टिकाऊ खेती के तरीकों के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस अभियान में किसानों को खाद डालने के सही तरीके अपनाने, मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने, खेती में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम करने और टिकाऊ व मुनाफे वाली खेती के लिए मिट्टी की लंबे समय तक उत्पादकता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## EXTENSION

### Chaupal Charcha

Krishi Vigyan Kendra, Kota successfully conducted a programme on 7th April, 2026 which was telecast on DD Kisan of Doordarshan under the programme "Chaupal Charcha on Agricultural technologies for changing climate scenario". This programme was organized under the chairmanship of Prof. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota. Around 15 scientists of AU, Kota and 30 progressive farmers from Kota district enthusiastically participated in this programme.

### Soil Nutrition Campaign

Krishi Vigyan Kendra, Kota, successfully organized the Soil Nutrition Campaign (*Bhumi Suposhan Abhiyan*) from 20th March to 17th April, 2026 across villages of Kota district. The campaign aimed to create awareness among farmers about the importance of balanced plant nutrition, soil health management, and sustainable nutrient use for enhancing crop productivity and maintaining long-term soil fertility.

### National Panchayati Raj Day

Krishi Vigyan Kendra, Kota celebrated National Panchayati Raj Day on 24th April, 2026 with the active participation of students. During the programme, interactive sessions were conducted to create awareness about farmer-centric government initiatives, natural resource management and sustainable farming practices.

### Krishi Mahotsav

All KVKs of the University organised "Krishi Mahotsav" programme during May, 2026 to promote scientific, sustainable and income-enhancing farming practices among farmers. The programmes were focused on creating awareness about improved agricultural technologies, crop diversification, natural farming, integrated pest and nutrient management and income-enhancing activities. More than 4500 farmers actively participated in the programmes and interacted with agricultural experts to seek technical guidance and solutions to their field-level problems.

### Khet Bachao Abhiyan

All the KVKs of the University has organized farmer awareness program under "Khet Bachao Abhiyan" during 01-30 June, 2026. The objective of the campaign was to create awareness among farmers regarding the importance of balanced fertilizer use, soil health management, and sustainable agricultural practices. The campaign encouraged farmers to adopt appropriate fertilizer application methods, improve soil fertility, reduce unnecessary input costs and promote long-term soil productivity for sustainable and profitable farming.



कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
AUK Newsletter
Agriculture University, Kota
अप्रैल–जून, 2026
April - June, 2026

### क्षमता विकास

- कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ ने क्रमशः 27 अप्रैल से 03 मई, 04 से 10 मई, 2026 तथा 11 जून, 2026 के दौरान वैज्ञानिक डेयरी फार्मिंग के ज़रिए उद्यमिता विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इसमें कुल 52 किसानों और हितधारकों ने भाग लिया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ द्वारा सिलाई के माध्यम से उद्यमिता विकास पर 18–24 मई, 2026 के दौरान प्रशिक्षण आयोजित किया, जिसमें 15 महिलाओं ने भाग लिया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा एवं करौली द्वारा खुदरा उवर्रक विक्रेता के लिए 15 दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमशः 28 अप्रैल से 14 मई एवं 03 से 22 जून, 2026 के दौरान आयोजित किये, जिसमें कुल 66 ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा 30 ग्रामीण युवाओं और किसानों हेतु 07 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 से 25 मई, 2026 के दौरान आयोजित किया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा 30 किसान एवं कृषक महिलाओं के लिए 04 दिवसीय "फल बगीचा स्थापना एवं प्रबंधन" प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 से 11 जून, 2026 के दौरान आयोजित किया गया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा आर.के.वी.वाई. परियोजना के अंतर्गत 15 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 से 30 जून, 2026 के दौरान किया गया। जिसमें 25 ग्रामीण युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### सीधा प्रसारण

- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का सीधा प्रसारण कार्यक्रम 20 जून, 2026 को आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. विमला डूंकवाल, कुलगुरू, कृषि विश्वविद्यालय ने की, तथा मुख्य अतिथि लाडपुरा माननीया विधायक श्रीमती कल्पना देवी रहीं। कार्यक्रम में कुल 200 कृषकों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।



- कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के जीवंत प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन 20 जून, 2026 को किया गया, जिसमें कुल 147 किसानों और महिला किसानों ने भाग लिया।



### Capacity Development

- Krishi Vigyan Kendra, Jhalawar organised training programme on Entrepreneurship Development through Scientific Dairy Farming during 27th April to 03rd May, 04-10th May, 2026 and 11th June, 2026, respectively. In which total 52 farmers and stakeholders participated.



- Krishi Vigyan Kendra, Jhalawar organised training on Entrepreneurship Development through Stitching during 18-24th May, 2026, in which 15 women participated.



- Krishi Vigyan Kendra, Kota and Karauli organized 15 days vocational training programme for fertilizer dealers from 28th April to 14th May and 03rd to 22nd June, 2026, respectively, in which total 66 rural youth participated.
- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized 07 days training programme on Goat Farming for 30 rural youth and farmers during 19-25th May, 2026.
- Krishi Vigyan Kendra, Kota conducted four days training programme on fruit orchard establishment and management for 30 farmers and farm women during 8-11th June, 2026.
- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized 15 days skill development training programme under RKVY project during 16-30th June, 2026, in which 25 rural youth actively participated.

### Live Telecast

- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized live telecast programme of the PM Kisan Samman Nidhi Yojana on 20th June, 2026, in which total of 200 farmers and farm women participated. This programme was presided over by Prof. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota, and Smt. Kalpana Devi, Hon'ble MLA Ladpura, acted as the chief guest.
- Krishi Vigyan Kendra, Jhalawar organised the Live telecast programme of PM Kisan Samman Nidhi Yojna on 20th June, 2026, in which total 147 farmers and farm women participated.

## जागरूकता कार्यक्रम

- कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी एवं कोटा द्वारा किसानों के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अप्रैल–मई, 2026 के दौरान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेती में संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, उत्पादन वृद्धि एवं लागत में कमी के प्रति किसानों को जागरूक करना रहा।

## अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत दलहनी एवं तिलहनी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों के प्रसार हेतु 50 किसानों को उड़द तथा 90 किसानों को सोयाबीन प्रदर्शन किट वितरित किये गये।




## प्रक्षेत्र दिवस

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा गणेशपुरा ग्राम में ग्रीष्मकालीन मूंग फसल (किस्म एमएच–1142) तथा पोषण वाटिका पर दो प्रक्षेत्र दिवसों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 किसानों ने भाग लिया।



## प्रदर्शनी

- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, कोटा के सभागार में कृषि नवाचारों और उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रदर्शनी का अवलोकन तथा वैज्ञानिकों से संवाद किया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ द्वारा 11–13 अप्रैल 2026 के दौरान दशहरा ग्राउंड, रायसेन–एमपी में उन्नत कृषि महोत्सव में कृषि प्रौद्योगिकियों और उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिससे लगभग 40,000 किसान लाभान्वित हुए।




## समूह भ्रमण

- 272 विस्तार कार्यकर्ताओं/कृषि पर्यवेक्षकों, एनसीसी एवं कृषि महाविद्यालय छात्रों, किसानों और इनपुट डीलरों के दस समूहों ने अप्रैल से जून, 2026 के दौरान विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण किया और कृषि तकनीकों और नवाचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## Awareness Programme

- Krishi Vigyan Kendra, Bundi and Kota organized awareness programme for farmers on use of balanced fertilizers during April-May, 2026. The main objective of the programme was to create awareness among farmers about balanced fertilizer use, soil health conservation, increasing crop productivity and reducing cultivation costs.



## Front Line Demonstration

- Krishi Vigyan Kendra, Kota distributed demonstration kits for uradbean to 50 farmers and soybean to 90 farmers under the Cluster Frontline Demonstration programme to disseminate advanced production technologies for pulse and oilseed crops.

## Field days

- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized two field days on summer green gram (variety MH-1142) and nutrigarden at Ganeshpura village, in which around 80 farmers participated.

## Exhibition

- Krishi Vigyan Kendra, Kota arranged exhibition of agricultural innovations and products at State Institute of Agricultural Management, Kota auditorium. The Hon'ble Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla, visited the exhibition and interacted with the scientists.



- Krishi Vigyan Kendra, Jhalawar arranged the Agricultural technologies and product exhibition in the Unnat Krishi Mahotsav at Dussehra Ground, Raisen-MP during 11 -13th April 2026. Approximately 40,000 farmers benefited from this event.

## Group Visit

- Ten Groups of 272 extension workers/ agriculture supervisors, NCC & Agriculture College students, farmers and input dealers visited different units of University during April to June, 2026 and exposed about agriculture technologies and innovations.

## मानव संसाधन विकास

### कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार में कृत्रिम बुद्धिमता के इस्तेमाल पर क्षमता निर्माण

मानव संसाधन विकास निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने विश्वविद्यालय के 90 संकाय सदस्यों एवं तकनीकी कर्मचारियों हेतु 04 दिवसीय कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार में कृत्रिम बुद्धिमता के इस्तेमाल पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 19 जून, 2026 तक आयोजित किया।




### कृषि विज्ञान में उन्नत अनुसंधान पद्धति एवं आँकड़ा विश्लेषण प्रशिक्षण कार्यक्रम

मानव संसाधन विकास निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा "कृषि विज्ञान में उन्नत अनुसंधान पद्धति एवं आँकड़ा विश्लेषण" विषय पर 7 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 से 7 जून 2026 तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, विद्यावाचस्पति शोधार्थियों, जूनियर रिसर्च फैलो, सीनियर रिसर्च फैलो, रिसर्च एसोसिएट्स, संकाय सदस्यों, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली एवं राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के 288 वैज्ञानिकों तथा अन्य हितधारकों के लिए आयोजित किया गया।

## महत्वपूर्ण बैठकें

### अकादमिक परिषद बैठक

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अकादमिक परिषद की 26वीं बैठक डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरू, कृषि विश्वविद्यालय कोटा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार में 22 अप्रैल, 2026 को आयोजित की गई। बैठक में 398 छात्रों को डिग्री प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वालें स्नातक के 358, स्नातकोत्तर के 34 एवं विद्यावाचस्पति के 06 विद्यार्थी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के 11 प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्ण प्रदान करने के निर्णय भी लिये गये।

### भवन निर्माण समिति बैठक

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की भवन निर्माण समिति की 21वीं बैठक विश्वविद्यालय के सभागार भवन में डॉ. विमला डुंकवाल, कुलगुरू, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में 05 मई, 2026 को आयोजित की गई। इस बैठक में विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों में निर्माण कार्यो से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



## HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

### Capacity Building on Artificial Intelligence Application in Agricultural Education, Research and Extension

Directorate of HRD, Agriculture University, Kota organized 04-days training programme on capacity building on artificial intelligence applications in agricultural education, research and extension for 90 faculty and technical staff of University during 15 to 19th June, 2026.



### Training programme on Advanced Research Methodology and Data Analysis in Agricultural Sciences

Directorate of HRD, Agriculture University, Kota was organized 07 days National Training Programme on "Advanced Research Methodology and Data Analysis in Agricultural Sciences" during 01st to 07th, June, 2026 for 288 UG/PG students, Ph.D. scholars, Junior Research Fellow, Senior Research Fellow, Research Associates, Faculty Members, scientists of NARS & SAUs, and other Stakeholders.

## IMPORTANT MEETINGS

### Academic Council Meeting

The 26th meeting of the Academic Council of the Agriculture University, Kota was held under the chairmanship of Dr. Vimla Dunkwal, Vice Chancellor, Agriculture University, Kota on 22nd April, 2026 in the Conference Hall of the University. In the meeting resolution was passed to confer degrees to 398 students. It includes 358 students of UG, 34 of PG and 06 of Ph. D. for conferment of degree in 9th Convocation of the University. Further, decision was also taken to award gold medals to 11 meritorious students of the university.

### Building Committee Meeting

The 21th meeting of Building Committee of Agriculture University, Kota was held under the Chairmanship of Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, AU, Kota on 05th May, 2026 in the Conference Hall of the University. The important decisions regarding construction works at the various units of the University were taken during this meeting.



### प्रबंध मंडल की बैठक

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के की प्रबंध मंडल (बोम) की 28वीं और 29वीं बैठकें क्रमशः 02 अप्रैल और 11 मई, 2026 को विश्वविद्यालय के सभागार भवन में आयोजित की गई। इन बैठकों की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरू डॉ. विमला डूंकवाल ने की। इन बैठकों में पेंशन तथा ग्रेच्युटी से सम्बन्धित निर्णय तथा समझौता ज्ञापनों का अनुमोदन तथा 9वें दीक्षांत समारोह (13 मई, 2026) में उपाधियाँ और स्वर्ण पदक प्रदान करने के महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी दी गई और अकादमिक परिषद की बैठकों में लिए गए निर्णयों को भी बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया।

### संभागीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति बैठक

संभागीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति की खरीफ–2026 की बैठक 09–10 अप्रैल, 2026 को कृषि अनुसंधान केन्द्र कोटा में आयोजित की गई। बैठक में अनुसंधान परिणामों के आधार पर खरीफ फसलों हेतु 3 नई किस्में, 2 फसल उत्पादन तकनीक एवं 1 उद्यानिकी तकनीक सहित कुल 6 नई सिफारिशें अनुमोदित की गई। साथ ही हरी खाद, फसल विविधीकरण तथा बी.बी.एफ. एवं मेड व कूड़ पद्धति को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिससे खेती को जलवायु अनुकूल एवं टिकाऊ बनाया जा सकें। बैठक में खरीफ–2026 के लिए कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई और उसे अंतिम रूप दिया गया।

### वित्त समिति की बैठक

कृषि विश्वविद्यालय कोटा की वित्त समिति की 13वीं बैठक डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरू, कृषि विश्वविद्यालय कोटा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार में 30 जून, 2026 को आयोजित की गई। इस बैठक में वित्त से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा की गई।

## प्रमुख आयोजन

### वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह "उड़ान–2026"

कृषि महाविद्यालय, उम्मेदगंज, कोटा द्वारा 27 अप्रैल, 2026 को तृतीय वार्षिक पुरस्कार समारोह 'उड़ान–2026' का आयोजन किया गया। कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरू डॉ. विमला डूंकवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, और कुलसचिव श्रीमती मनीषा तिवारी तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सम्मानित अतिथि और विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह में शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 111 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक वर्ष 2024–25 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "चम्बल धरा" का विमोचन किया गया।




### नशा मुक्ति कार्यक्रम

छात्र कल्याण निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा कृषि महाविद्यालय, हिंडोली में नशाखोरी की प्रवृति पर अंकुश लगाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 07 अप्रैल, 2026 को किया गया।

### थांग–टा प्रतियोगिता

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ के छात्र गौतम शर्मा ने मणिपुर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित ऑल–इंडिया इंटर–यूनिवर्सिटी थांग–टा प्रतियोगिता (2025–26) में 06 से 09 अप्रैल, 2026 के दौरान कांस्य पदक जीता।




### Board of Management Meeting

The 28th and 29th meetings of the Board of Management (BoM) of Agriculture University, Kota were held on 02nd April and 11th May, 2026, respectively, in Conference Hall of the University. These meetings were chaired by Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota. In these meetings, important decisions were approved regarding pension and gratuity, approval of Memorandum of Understanding (MoU) and approval on awarding of degrees and gold medals during the 9th Convocation (13.05.2026) and decisions taken in the meetings of academic council were also approved by the BOM.

### Zonal Research and Extension Advisory Committee Meeting (ZREAC)

The Zonal Research and Extension Advisory Committee (ZREAC) meeting for Kharif 2026 was held at ARS, Kota during 09-10th April, 2026. Based on research findings, total six new recommendations comprising three new varieties for Kharif crops, two crop production techniques, and one horticultural technique were apporved during the meeting. Additionally, the emphasis was made to promote green manuring, crop diversification, and the BBF (Broad Bed and Furrow) and ridge-and-furrow methods to make agriculture climate-resilient and sustainable. The plan for the Kharif-2026 was also discussed and finalised in the meeting.



### Finance Committee Meeting

The 13th meeting of Finance Committee of AU, Kota was held under the chairmanship of Dr. Vimla Dunkwal, Vice Chancellor, Agriculture University, Kota on 30th June, 2026, in the conference hall of AU, Kota. In this meeting many important decisions related to finance were discussed.

## MAJOR EVENTS

### Annual Prize Distribution Ceremony "Udaan 2026"

College of Agriculture, Ummedganj, Kota organized Third Annual Awards Ceremony 'Udaan-2026' on 27th April, 2026. Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota chaired the event and Mrs. Manisha Tiwari, Registrar, Dr. Virendra Singh, Director of Student's Welfare participated as guest of honour and special guest in the programme. Total 111 students were honoured for their outstanding performance in academics, sports, cultural activities and the National Service Scheme. On this occasion, the annual report for the academic year 2024-25 and the college's annual magazine 'Chambal Dhara' was released.

### Drug De-addiction Programme

Directorate of Student's Welfare, Agriculture University, Kota organized one-day workshop on Curbing Drug Addiction at the College of Agriculture, Hindoli on 07th April, 2026.

### Thang-Ta Competition

College of Horticulture & Forestry, Jhalawar student Mr. Gautam Sharma won the Bronze Medal in All-India Inter-University Thang-Ta Competition (2025-26) held at Manipur University during 06-09th April, 2026.

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती
